# हरियाणा में जल्द ही शुरू होगी नई भर्तियाँ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि **सरकार जल्द ही** राज्य में 50,000 रिक्त पदों की पूर्ति के लिये **भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी।**

## मुख्य बिंदु

- यह **रोज़गार के अवसर प्रदान करने** और **युवाओं की आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिये सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों** के हिस्से के रूप में किया जाएगा।
- उन्होंने सरकारी नौकरियों के लिये **"पारदर्शी" भर्ती प्रणाली** को जारी रखने पर ज़ोर दिया।
- उन्होंने कहा कि राज्य सरकार **अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा** के लिये प्रतिबद्ध है और जल्द ही इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी तथा युवाओं को न्याय दिलाने के लिये इसकी पुरज़ोर वकालत करेगी।
- **31 मई, 2024** को, **हरियाणा** उच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि राज्य सरकार की नौकरियों में **कुछ विशेष वर्ग के अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक प्रदान करने के लिये** हरियाणा सरकार द्वारा स्थापित **सामाजिक-आर्थिक मानदंड** असांविधानिक थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/recruitment-in-haryana-to-be-initiated-soon